## तीन साल में टंकी भी नहीं बना पाया जल जीवन मिशन

### ग्रामीणों में आक्रोश, आंदोलन की चेतावनी, कलेक्टर को लिखा पत्र

**छपारा, देशबन्धु।** कलेक्टर सिवनी को लकवह पंचायत के ग्रामीण ने एक हस्ताक्षर युक्त शिकायत पत्र में बताया है कि जनपद पंचायत छपारा के अंतर्गत ग्राम पंचायत लकवाह में जल जीवन मिशन अंतर्गत पाइप लाइन एवं पानी टंकी का कार्य लगभग तीन वर्षों से चल रहा है और आज भी अधूरा है ।

न पीएचई विभाग ध्यान दे रहा है न ठेकेदार ध्यान दे रहा है। पानी टंकी अपूर्ण है। पाइप लाइन भी पूरी तरह ग्राम में नहीं बिछी है न कनेक्शन किए गए हैं न ही नलकूप हैं। ऐसी स्थिति में ग्रामीण जनों में आक्रोश व्याप्त है।



ग्रामवासियों का कहना है एक सप्ताह के अंदर कार्य चालू नहीं किया गया तो ग्राम लकवाह के ग्रामवासी समस्त महिलाओं सहित रोड पर बैठकर धरना प्रदर्शन करेंगे आवागमन पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा आने जाने वाली जनता को जो परेशानी का सामना करना पड़ेगा जिसकी जवाबदारी पीएचई ओर ठेकेदार की रहेगी।

सिवनी विधानसभा क्षेत्र के लकवाह पंचायत के युक्त जल जीवन मिशन के कार्य का निरीक्षण विगत दिन विधायक दिनेश राय द्वारा किया गया था अधिकारियों को विधायक महोदय के द्वारा इस पर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए थे लेकिन अभी तक किसी के द्वारा कोई निरीक्षण नहीं किया गया ना ही कार्रवाई की गई।

ग्रामीणों ने पत्र में लिखा है कि 24 -11 -24 तक यह कर को प्रारंभ नहीं किया गया तो दिनांक 25* 11 -24 से ग्राम की महिलाओं ग्राम वासियों एवं पंचायत के सदस्यों के द्वारा रोड पर बैठकर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी जवाबदारी विभाग और ठेकेदार की होगी ।

ग्राम पंचायत लकवाह के ग्राम सालीवाड़ा में जल जीवन मिशन अंतर्गत पाइप लाइन ट्यूबवेल कराया गया था और ट्यूबवेल की मोटर दो महीने से जल चुकी है ठेकेदार द्वारा मोटर को नहीं सुधारी गई है ना ही दूसरी मोटर डाली गई है ग्राम वासियों के द्वारा कंपनी की 7-50 हार्स पावर वाली मोटर डालने के लिए कहा गया है उक्त पंचायत के हैंडोवर नहीं किया गया जिसके कारण ठेकेदार मनमानी कर रहे हैं।

कार्यालय ग्राम पंचायत लकवाह मे हायर सेकेंडरी स्कूल है जहां पर संस्कृत विषय के तीन टीचर पहुंचा दिए गए हैं जबकि यहां अन्य विषय के टीचर आना चाहिए था ऐसी अन्य समस्याएं पंचायत में व्याप्त हैं जिसके कारण ग्रामीण हड़ताल करने में विवश हो रहे हैं।

## सरकारी आदेश ताक पर रख किया अवैध निर्माण

### शिक्षक भी है दबंग भू माफिया

**आदेगांव, देशबन्धु।** सिवनी जिले के लखनादौन जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत आदेगांव प,ह,न,61 स्थित शासकीय अवादी भूमि खसरा नंबर 352/2 रकवा 0.30 हे, पर अवैध रूप से कब्जा कर मकान निर्माण कार्य किया जा रहा है। जबकि भू माफिया के पास पूर्व से ही पैतृक भूमि जिस पर वर्तमान में अवैध कब्जा करने वाले निवास कर रहे हैं एवं कृषि भूमि भी है। और तो और वे शासकीय कर्मचारी भी हैं। जिसका अवैध कब्ज़ा हटाए जाने हेतु माननीय न्यायालय आदेगांव के समक्ष आवेदक द्वारा मय दस्तावेज तैयार कर आवेदन पेश किया गया था ।

जिसका नायब तहसील डर व्रत आदेगांव द्वारा मामला क्र,0031/अ-68/2023-24 को आदेश पर तहसीलदार द्वारा अवैध निर्माण करने वाले आदेगांव निवासी श्यामलाल परवारी पिता कालूराम उम्र करीब 58 वर्ष जो शासकीय शिक्षक व श्ववेतांक जो प्राइवेट क्लीनिक संचालित करता है. और मयंक श्यामलाल परवारी जो शासकीय विटनरी डॉक्टर है. जिनको 7 दिवस के अंदर अपना अवैध कब्जा हटा लेने को आदेश दिया गया था परंतु अवैध कब्जा करने वाले भू माफिया द्वारा दबंगई दिखाते हुए उक्त अवैधनिर्माण कर नहीं हटाया गया था। इस पर राजस्व राजस्व विभाग, पुलिस विभाग और ग्राम पंचायत द्वारा उक्त अवैध कब्जे को जेसीबी मशीन से हटवाया गया था। परंतु श्यामलाल परवारी एवं उनके परिजनों द्वारा माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विभाग लखनादौन के समक्ष अपील पेश की थी जिस पर अनुविभागीय अधिकारी व राजस्व लखनादौन के उक्त आवेदकगणों की अपील निरस्त कर दी गई थी लेकिन भूमाफियाओं द्वारा दिनांक 16/11/24 दिन शनिवार को करीब 12 बजे निर्माण कर शुरू हुआ था ।

जिस पर आवेदक ने पटवारी को जानकारी दी जिस पर संबंधित हल्का पटवारी कोटवार को भेज कर काम बंद कराया था परंतु भूमाफियाओं द्वारा शनिवार की रात्रि करीब 7 बजे से निर्माण कार्य शुरू कर दिया था पर पुन: तहसीलदार अधिकारी को शिकायत की थी जिस पर तहसीलदार द्वारा आदेगांव थाना प्रभारी पूजा चौकसे को सूचना दी।

इस पर आदेगांव थाना प्रभारी द्वारा बाल भेज कर मौके पर पहुंच कर काम बंद तो कर दिया था परंतु भू माफियाओं की दबंगई से रात्रि 12 से 1 बजे के बीच में फिर से अवैध निर्माण कर दीवाल खड़ी कर दी गई और टीन डालकर मकान निर्माण तैयार कर दिया गया जबकि पूर्व में राजस्व विभाग एवं अनुविभागीय अधिकारियों द्वारा उक्त अवैध कब्जे को बेदखलकर कार्रवाई की गई थी परंतु भूमाफियाओं के हौसले इतने बुलंद है कि आदेशों को दरकिनार करते अवैध निर्माण धड़ले से खुलेआम कर दिया गया।

## सार-समाचार

### दो स्वसहायता समूहों को 16 लाख से अधिक की वसूली के लिए नोटिस जारी

**सिवनी, देशबन्धु।** कलेक्टर संस्कृति जैन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में धान उपार्जन के लिए अधिकृत किए गये 02 स्व-सहायता समूहों से कुल 16 लाख 54 हजार 641 रूपये की वसूली के लिए कारण बताओ नोटिस संबंधित तहसीलदार द्वारा जारी किया गया है। जिसमें तहसीलदार केवलारी ने आदर्श स्व-सहायता समूह अहरवाड़ा जिन्हें उपार्जन केन्द्र उगली एवं मोहबर्रा के संचालन के लिए अधिकृत किया गया था, उक्त समूहों द्वारा क्रय की गई एवं शासन को जमा की गई धान के स्टॉक में अंतर पाए जाने पर जिनसे 04 लाख 20 हजार 433 रूपये की वसूली का कराण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसी तरह तहसीलदार धनौरा द्वारा सरस्वती स्व-सहायता समूह जिन्हें मल्हनवाडा एवं रूमाल उपार्जन केन्द्र के संचालन के लिए अधिकृत किया गया था। जिनसे कुल 12 लाख 34 हजार 208 रूपये की वसूली के लिए का नोटिस जारी किया गया है। समय-सीमा में राशि जमा न करने पर संबंधित समूहों की चल-अचल संपत्ति की कुर्की की कार्यवाही कर राशि वसूल की जाएगी।

### फिल्म अभिनेत्री ने कमलनाथ को दीं जन्मदिन की शुभकामनाएं



**परासिया, देशबन्धु।** कौमी एकता दिवस के अवसर पर जाटाछापर में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में फिल्मी कलाकारों की उपस्थिति और नृत्य संगीत की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मां काली मंदिर में पूजा अर्चना कर तथा मंच पर केक काटकर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का जन्मदिन मनाया गया। संगीत संध्या का आरंभ गणेश स्तुति से हुआ। मध्य भारत का प्रसिद्ध कादर आर्केस्ट्रा ने देशभक्ति, धार्मिक व फिल्मी गानों की प्रस्तुति दी। फिल्म अभिनेत्री कीर्ति वर्मा मुंबई, एमए कादर जीनत कादर का शॉल एवं श्रीफल से समान किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे, विधायक सोहन बाल्मिक, सुनील उइके, सुजीत चौधरी, निलेश उइके, राजू तिवारी, गोविंद राय, कमल राय, हरि वर्मा, गुरुचरण खरे, सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन कौमी एकता समिति के आयोजक जमील खान ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में फागु प्रसाद, नरेंद्र धुर्वे, विजय चंदेल, देव कुमार राज, अशोक अनवरीया, मोहमद खान, शाहिद सहित ग्राम वासियों का योगदान रहा।

### राजपूत क्षत्राणी करनी महिला सेना ने मनाया दीपावली उत्सव समारोह

**करेली, देशबन्धु।** राजपूत क्षत्रीय करनी महिला सेना क्षत्राणी प्रदेशाध्यक्ष मंजीत कीर्ति राज सिंह टीम जिला नरसिंहपुर द्वारा गत सोमवार को नगर के सीताराम माल में जिला स्तरीय दीपावली मिलन समारोह का आयोजन नपाध्यक्ष सुशीला ममार के आतिथ्य मे आयोजित हुआ।आयोजन जिले के सभी तहसील एवं ग्राम से आई क्षत्राणियों ने घूमर नृत्य कर उत्सव मनाया। आयोजन मे साँस्कृतिक कार्यक्रम हुए सभी को पुरस्कार वितरण व स्मृति चिन्ह भेंट किये गए। टीम की जिलाध्यक्ष स्नेहा अभयराज सिंह राजपूत व साथियों ने बाल कलाकार सम्मान किया।



### नि:शुल्क नेत्र शिविर आज

**सिवनी, देशबन्धु।** रजवाड़ा लॉन में नेत्र रोगियों का परीक्षण तथा मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु विशाल नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन आज 21 नवम्बर को किया जा रहा है । नगर की सेवाभावी संस्थाऐ सक्षम भारत और श्री रामदल समिति के मनीष अग्रवाल और ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि बीते 07 वर्षो से यह नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमे लगभग 05 हजार रोगियों का नि:शुल्क मोतियाबिंद के ऑपरेशन किये जा चुके है, आज 21 नवम्बर को अधिक से अधिक नेत्र रोगियों को जिन्हें मोतियाबिंद के ऑपरेशन करवाना हो वे सुबह 10 बजे लुघरवाड़ा स्थित रजवाड़ा लॉन पहुंचे यहां देवाजी नेत्रालय जबलपुर के अनुभवी चिकित्सको द्वारा नेत्र रोगियों का परीक्षण किया जावेगा । जिन मरीजो को मोतियाबिंद के ऑपरेशन किये जाना होगा उन मरीजो को संस्था के विशेष वाहन द्वारा जबलपुर ले जाया जावेगा और अगले दिन ऑपरेशन कर तीसरे दिन उसी विशेष वाहन द्वारा मरीज को सिवनी वापस लाकर छोड़ा जावेगा । यह प्रक्रिया पूरी तरह नि:शुल्क है, मोतियबिन्द से पीड़ित हर कोई भी मरीज इस शिविर का लाभ उठा सकता है, मरीज को अपने साथ आधार कार्ड की ओरिजनल तथा उसकी एक फ़ोटो कॉपी अपने साथ अनिवार्य रूप से लाना होगा।नागरिकों से निवेदन है कि अपने परिजनों, अपने आस-पास के नेत्र रोग से पीड़ित रोगी को गुरुवार 21 नवम्बर को इस शिविर में सुबह 10 बजे से 04 बजे के मध्य रजवाड़ा लान में जरूर लाये, और इस शिविर की जानकारी अन्य लोगो को दीजिये जिससे ज्यादा से ज्यादा नेत्र रोगियों को लाभ मिल सके।

## नर्मदा हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान

**करेली, देशबन्धु।** विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश के कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने नरसिंहपुर जिले के पवित्र ब्रह्माण्ड घाट पर मां नर्मदा के तटों पर सफाई अभियान चलाया। इस अभियान में पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए।

मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने इस अवसर पर कहा कि मां नर्मदा हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान का हिस्सा हैं। हमें इस बात पर गर्व है कि हमारा जिला मां नर्मदा के सानिध्य में है। लेकिन यह भी जरूरी है कि हम यहां स्वच्छता बनाए रखें। पूजा-अर्चना के बाद तटों पर गंदगी छोड़ने की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि इससे न केवल पर्यावरण को नुकसान होता है, बल्कि नर्मदा की पवित्रता भी प्रभावित होती है।

उन्होंने तटों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए जन-जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया सफाई अभियान के दौरान मंत्री, प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय लोगों ने मिलकर तटों पर झाड़ू लगाई और कचरा इकट्ठा किया। मंत्री पटेल ने कहा कि ऐसे अभियान तभी सफल हो सकते हैं जब हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझे और स्वच्छता में योगदान दे पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने भी कहा कि नर्मदा हमारे जीवन का आधार हैं।

हमें इसे स्वच्छ रखने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियानों से न केवल पर्यावरण को फायदा होता है, बल्कि समाज में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक संदेश भी जाता है।



विश्व शौचालय दिवस पर ब्रह्माण्ड घाट पर कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने चलाया सफाई अभियान

इस अवसर पर मंचीय कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसमें स्वच्छता के महत्व पर विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने स्वच्छता और शौचालय के उपयोग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह से अपील की गई कि वे अपनी आदतों में बदलाव लाकर स्वच्छता को प्राथमिकता दें। विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति ककौड़िया, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी ठाकुर राजेंद्र सिंह विवेक महाजन रामनारायण सोनी संदीप ममार ब्रजेश माते जीबेस चौरसिया राजकुमार कौरव प्रशांत कौरव सुदीप कौरव सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## जनवरी में होगा प्रादेशिक सम्मेलन, बैठक आयोजित

**करेली, देशबन्धु।** वैश्य महासम्मेलन जबलपुर संभाग कोर ग्रुप की आवश्यक बैठक प्रदेश महामंत्री सह संगठन राजकुमार गुप्ता प्रिंस ग्वालियर के मुख्य आतिथ्य, प्रदेश महामंत्री एवं संभाग प्रभारी संदेश जैन की अध्यक्षता व प्रदेश महिला ईकाई अध्यक्ष ज्योति जैन के आतिथ्य में गत रविवार को आयोजित हुई।

संभागीय कोर ग्रुप में शामिल जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर जैन, युवा ईकाई जिला प्रभारी अमित जैन संजय ने बताया कि संभाग की समस्त तहसीलों के तहसील सम्मेलन 31 दिसम्वर तक आवश्यक रूप से सम्पन्न हों।

संभागीय कोर ग्रुप की आगामी बैठक 10 जनवरी 2025 को पनागर जिला जबलपुर में तय हुई। भोपाल में बन रहे वैश्य भवन समिति वैश्य कल्याण ट्रस्ट की शेष वंदी एवं राशि 30 नवंबर तक जमा होंगी। आगामी जनवरी 2025 में आयोजित होने वाले प्रदेश अधिवेशन में समस्त तहसीलों की भागीदारी सुनिश्चित की जावेगी। साल के 12 कार्यक्रम प्रभारियों की सूची शीघ्र प्रदेश कार्यालय भेजी जावेगी। जिले के प्रमुख वैश्य समाज के प्रतिष्ठानों की 31 दिसंबर तक प्रदेश कार्यालय भेजी जाये।

जिले में चल रहे वैश्य प्रकल्पों एवं प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा। जिला एवं तहसील प्रवास तय कर, निरन्तर सम्पर्क बनाए जायेंगे। जिले की पारिवारिक बैठक 23-24 दिसम्वर को सेंचुरी रिसोर्ट गुबरा में जबलपुर महानगर मे होगी।

जबलपुर ग्रामीण जिला की बैठक 1 दिसंबर भेड़ाघाट में आयोजित होगी। साथ ही नरसिंहपुर जिला बैठक 14-15 दिसम्बर को पचमढ़ी में निर्धारित की गई। संभाग के प्रत्येक जिले में पर्सनेलिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन सुनिश्चित करें। बैठक के अन्त संभाग में दिवंगत वैश्य समाज के सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए। याद किया गया।

## कबड्डी मैच से हुआ खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**रामाकोना, देशबन्धु।** अशासकीय शाला संघ सौसर के तत्वावधान में खेलो इंडिया स्पोर्ट्स चैंपियनशिप की थीम पर आयोजित इंटर स्कूल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ वार्ड क्रमांक 17 दुर्गा कॉलोनी स्थित स्वर्गीय रामभाऊ जी खंडाईत शिक्षण समिति द्वारा संचालित गुरुकुल विद्या निकेतन हाईस्कूल रामाकोना मे कबड्डी मैच खेल कर उदघाटन किया गया।

उदघाटन मैच के मुख्य अतिथि के रूप मे विकाश खंड शिक्षा अधिकारी सौसर भास्कर गावंडे की उपस्थिति एवं सनफ्लावर स्कूल सौसर के संचालक जयंत गुरु, ओम साई सेन्ट्रल स्कूल के संचालक अनिल ठाकरे, संकल्प स्कूल के संचालक राजेंद्र नीमकर, स्वामी विवेकानंद स्कूल के संचालक मारोती बुले, सौसर पब्लिक स्कूल के संचालक नरेश आकोटकर, गुरुकुल विद्या निकेतन स्कूल के संचालक सदाशिव खंडाईत, श्री छत्रपति शिवाजी स्कूल के संचालक योगिता ठाकरे, राजीव गाँधी स्कूल के संचालक मोना करवन्दे एवं सेवानिवर्त शिक्षक रामराव कुमरे, रमेश कापसे की प्रमुख उपस्थिति मे खेल कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन एवं दीपप्रज्वलित कर की गयी । उससे पहले छात्र छात्राओं द्वारा समस्त अतिथियों का बेंड बजाकर एवं पुष्पवर्षा कर शाला परिसर मे स्वागत कराया।



छात्र छात्राओं द्वारा समस्त अतिथियों का गुलदस्ता एवं बेच लगाकर स्वागत किया गया.

समस्त अतिथियों द्वारा खेल प्रतियोगिता मे शामिल होने वाले छात्र छात्राओं तथा अन्य छात्र छात्राओं को सम्बोधित किया गया।

**पहले दिन हुई कबड्डी की मैचे** - शाला परिसर मे आकर्षक कबड्डी के ग्राउंड मे उदघाटन मैच के अवसर पर अंडर 14 अंडर 17 बालक बालिकाओं की कबड्डी प्रतियोगिताये सम्पन्न हुई. जिसमे सौसर एवं रामाकोना क्षेत्र की सौसर पब्लिक स्कूल, स्वामी विवेकानंद स्कूल, गुरुकुल विद्या निकेतन स्कूल, संकल्प स्कूल,राजीव गाँधी स्कूल, श्री छत्रपति शिवाजी स्कूल, ने हिस्सा लिया जिसमे अंडर 14 बालक कबड्डी मे संकल्प को हराकर गुरुकुल विद्या निकेतन हाईस्कूल ने जीत दर्ज की अन्य मैच दूसरे दिन खेले जायेंगे।

**टूर्नामेंट मे ये होंगे खेल** -अशासकीय शाला संघ सौसर के तत्वाधान में आयोजित खेल प्रतियोगिताओ मे कबड्डी के अलावा क्रिकेट, वालीबाल, फुटबाल, कुर्सी दौड़, कँगारू दौड़, एवं अन्य खेल क्षेत्र की समस्त निजी शालाओं के सहयोग से किये जाएंगे।

## गोटेगांव खेड़ा को मिली जिले की पहली बाल सरपंच

**गोटेगांव, देशबन्धु।** बाल अधिकार सप्ताह राष्ट्रीय बाल दिवस से विश्व बाल दिवस (14-20 नवंबर) इस साल का विषय भविष्य की सुनो, है।

विगत बुधवार को विश्व बाल दिवस के मौके पर यूनीसेफ के इस वर्ष के विषय भविष्य की सुनो पर पर गोटेगांव गांव को नरसिंहपुर जिले की पहली बाल सरपंच मिल गई है। बाल हितैषी पंचायत बनने की ओर अग्रसर ग्राम पंचायत गोटेगांवखेड़ा में बाल सरपंच का चुनाव एक नियमावली के अनुसार हुआ जिसमें बाल सभा में उपस्थित लड़कियों से स्वतंत्र तौर पर पूछा गया की आप में से गांव की बाल सरपंच जो बनना चाहती है वो अपने नाम से पर्ची लिख कर प्रस्तुत करें।



दसवीं की आफरीन बनीं बाल सरपंच

इसके बाद गांव की सबसे कम उम्र की उपस्थित लड़की के द्वारा पर्ची उठाकर बाल सरपंच का नाम घोषित किया गया। दसवीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा आफरीन बाल सरपंच बनीं। गांव के सबसे ज्यादा उम्र के बुजुर्ग महिला एवं पुरुष द्वारा औपचारिक तौर पर चुनी गई बाल सरपंच को पगड़ी पहनाकर बाल सरपंच की शपथ दिलवाई गई।

बाल सरपंच कुमारी आफरीन द्वारा हाथ उठा कर बाल सभा का औपचारिक तौर पर शुरू करने की घोषणा की गई। इसके बाद बाल सभा में उपस्थित लड़के व लड़कियों ने बच्चों के हित के कार्यक्रम जो ग्राम पंचायत के द्वारा करवाए जाने चाहिए स्वतंत्र रूप से बाल सभा में रखें। उपस्थित सदस्यों ने गांव में बाल हितैषी बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के सुझाव रखे। उनमें से मुख्यत: गांव में बच्चों के लिए लाइब्रेरी, खेलने के लिए स्टेडियम, कंप्यूटर सेंटर तथा गांव में दसवीं से बारहवीं तक का स्कूल अपग्रेड कराने की मांग रखी। इसके बाद बाल सभा की सभी सदस्यों ने हाथ उठा कर इन सभी कार्यों पर अपनी सहमति प्रस्तुत की।

इस कार्यक्रम में औपचारिक तौर पर बाल सभा द्वारा प्रस्तावित कार्यों को लिखित तौर पर सरपंच आफरीन द्वारा गांव की सरपंच को सौंपा गया तथा सरपंच प्रियंका द्वारा घोषणा की गई कि हर महीने बालसभा को तीन हजार रुपए खर्च करने के लिए ग्राम पंचायत की तरफ से दिए जाएंगे। भविष्य में होने वाली सभी ग्राम सभाओं में बालसभा के सरपंच इसके सदस्यों को आमंत्रित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की तकनीकी सहायता के लिए सरपंच प्रियंका द्वारा यूनीसेफ की टीम को धन्यवाद किया तथा इस कार्यक्रम में यूनीसेफ भोपाल की तरफ से पूजा सिंह व सुनील जागलान उपस्थित रहे।

## दैनिक राशिफल

**गुरूवार 21 नवम्बर 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। मार्कशीर्ष कृष्ण पक्ष की षष्ठी नक्षत्र-पुष्य।**

**मेष** — किसी नए काम की शुरुआत के लिए सुबह का समय अनुकूल रहेगा। आज सरकारी लाभ होने की संभावना है।

**वृषभ** — आज का दिन आप के लिए मध्यम फलदायी है। आज मित्रों तथा स्नेहीजनों के साथ हुई मुलाकात से मन खुश रहेगा।

**मिथुन** — आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन लाभदायी है। आज मित्रों एवं परिजनों के सहयोग से आपके कठिन काम आसानी से हो पाएंगे।

`क- 667-479

**कर्क** — आज आय के मुकाबले खर्च अधिक रहेगा। आंखों में दर्द की समस्या आ सकती है। मानसिक चिंता बनी रहेगी। लोगों से सादगीपूर्ण व्यवहार करें।

**सिंह** — आज सुबह का समय बहुत अच्छी तरह से गुजरेगा। सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में आनंदप्रद और लाभप्रद समाचार मिलेंगे।

**कन्या** — आपका दिन अनुकूल रहेगा। परिजनों के साथ आपके संबंध अच्छे बने रहेंगे। दोस्तों और स्वजनों से उपहार मिल सकता है। नौकरीपेशा लोगों के काम से अधिकारी खुश रहेंगे।

**तुला** — आज सुबह आपका मन किसी बात को लेकर चिंता में रहेगा। शारीरिक रूप से शिथिलता और आलस्य बना रहेगा।

**वृश्चिक** — आध्यात्मिकता और ईश्वर की प्रार्थना से अनिष्ट से बच सकेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थ रहेंगे।

**धनु** — आज आपका दिन मिश्रित फलदायी है। सुबह के समय आप आनंद और मनोरंजन में डूबे रहेंगे। पारिवारिक वातावरण आनंदप्रद रहेगा।

**मकर** — बातचीत करते समय क्रोध ना करें। परिवार में सुख-शांति और आनंदपूर्ण वातावरण बना रहेगा। मान सम्मान मिलने की भी संभावना है।

**कुंभ** — कला के प्रति आज आपकी रुचि ज्यादा रहेगी। खर्च ज्यादा रहने से आप परेशान हो सकते हैं। संतान से संबंधित कोई चिंता आपको हो सकती है।

**मीन** — आज अधिक इमोशनल होने से बचें। ज्यादा सोच-विचार करने से आप चिंता में रहेंगे। जमीन और मकान संबंधी काम के लिए आज समय अच्छा नहीं है।

म. 160-119

2,3,5,8,20,31,54,82,28,40,55,81